हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया

पर्रिकर की हालत स्थिर

गोवा के मुख्यमंत्री मनोहर पर्रिकर की हालत गंभीर होने की अफवाहों को मुख्यमंत्री कार्यालय ने खारिज करते हुए कहा है कि उनकी हालत स्थिर बनी हुई है।

सोमवार, 25 फरवरी 2019, लखनऊ, पांच प्रदेश, 21 संस्करण, नगर संस्करण | www.livehindustan.com | वर्ष 24, अंक 48, 22 पेज, मूल्य ₹ 3.00, फाल्गुन कृष्ण पक्ष, सप्तमी, विक्रम संवत् 2075

दुर्घटना में एक परिवार के तीन लोगों की मौत

बेकाबू रफ्तार

लखनऊ | हिन्दुस्तान संवाद

प्रयागराज से कार से घर लौट रहे एक परिवार को तेज रफ्तार डीसीएम ने रविवार सुबह टक्कर मार दी। हादसे में शिक्षक के पिता, पत्नी और बेटी की मौत हो गई। जबकि शिक्षक और उसकी बड़ी बेटी की हालत गम्भीर बनी हुई है।

आगरा के ताजगंज एमपी पुरा निवासी प्रियांक शर्मा गोसाईंगंज के कासिमपुर बिरुहा में रहते हैं। वे इंजीनियरिंग कॉलेज में शिक्षक हैं। भगवान भोले नाथ का दर्शन करने के लिए वह दो दिन पहले परिवार के साथ कार से बनारस गए थे। बनारस में दर्शन पूजन करने के बाद विन्ध्याचल होते हुए प्रयागराज में संगम स्नान किया। फिर आधी रात के बाद वे लोग घर के लिए निकले। रविवार भोर में कुण्डा के करेंटी रोड बाईपास पर तेज रफ्तार डीसीएम ने जोरदार टक्कर मार दी। सभी लोग कार में फंस गए। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने उन्हें बाहर निकाला। हादसे में प्रियांक शर्मा उनके पिता सुरेन्द्र शर्मा (68), पत्नी अर्चना शर्मा (35), बेटी नाव्या शर्मा व सिया शर्मा (3) खून से लथपथ हो गए।

पुलिस ने उन्हें सीएचसी कुण्डा ले गई। जहां डॉक्टरों ने सुरेन्द्र शर्मा, बहू अर्चना को मृत घोषित कर दिया। जबकि प्रियांक, बेटी नाव्या व सिया की हालत देखते हुए लखनऊ रेफर कर दिया। लेकिन लखनऊ ले जाते वक्त ऊंचाहार के पास बेटी सिया ने भी दम तोड़ दिया। पिता, पत्नी और बेटी की मौत से पूरे परिवार में कोहराम मच गया।